


एक नजर में

## रतलाम जिले में नरवाई जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध, उल्लंघन पर 15,000 रुपए तक जुर्माना

**रतलाम।** पर्यावरण संरक्षण, जन-धन की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने जिले में खेतों में नरवाई (खापे) जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। जारी आदेशानुसार रबी फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। हार्वेस्टर मशीनों के उपयोग के दौरान स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) अथवा स्ट्रॉ रीपर का उपयोग अनिवार्य किया गया है। यदि कोई व्यक्ति आदेश का उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 के प्रावधानों के तहत अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी। नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षति पूर्ति के रूप में 2 एकड़ तक भूमि पर रुपए 2500 प्रति घटना, 2 से 5 एकड़ भूमि पर रुपए 5000 प्रति घटना, 5 एकड़ से अधिक भूमि पर रुपए 15000 प्रति घटना जुर्माना भी निर्धारित किया गया है।

## वन स्टॉप सेंटर में तीन दिन की देखरेख के बाद परिवार को सौंपा गया

**रतलाम।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रामनिवास बुधोलिया ने बताया कि घर से बड़ी बहन से विवाद कर निकली 19 वर्षीय युवती समता (परिवर्तित नाम) निवासी रतलाम, को चांदनी चौक क्षेत्र में रोते हुए देखा गया। स्थानीय लोगों द्वारा समझाइश के प्रयास के बाद युवती को सुरक्षित रूप से वन स्टॉप सेंटर पहुंचाया गया। वन स्टॉप सेंटर में केंद्र प्रशासक नीता परिहार, परामर्शदाता रिया गुर्जर एवं स्टाफ द्वारा युवती की काउंसलिंग कर उसे मानसिक रूप से मजबूत किया गया। शुरुआत में युवती वहां रुकने के लिए तैयार नहीं थी, लेकिन लगातार समझाइश और सहयोग से उसके अंदर आत्मविश्वास बढ़ा। काउंसलिंग के दौरान उसकी शिक्षा (12वीं एवं कंप्यूटर का बेसिक कोर्स) की जानकारी प्राप्त कर उसे आगे बेहतर अवसरों के लिए प्रेरित किया गया। तीन दिनों की देखरेख और काउंसलिंग के बाद युवती ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए भविष्य में ऐसा कदम न उठाने का आश्वासन दिया। परिवारजनों को सूचना देकर वन स्टॉप सेंटर बुलाया गया, जहां उसकी माता एवं परिजनों के साथ उसे सकुशल घर भेजा गया। युवती को वन स्टॉप सेंटर तक पहुंचाने में गोविंद काकानी का विशेष सहयोग रहा। परिवारजनों ने वन स्टॉप सेंटर, रतलाम का आभार व्यक्त किया।

## तहसीलदार पटेल ने गेहूं उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया




**रतलाम।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जिले में उपार्जन केन्द्रो पर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन किया जा रहा है। आज ताल क्षेत्र में तहसीलदार ताल निर्भय सिंह पटेल ने गोपाल वेयर हाउस माल्या ताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तौल कांटों का सत्यापन किया गया तथा किसानो से संवाद कर उपार्जन प्रक्रिया, उपलब्ध सुविधाओं एवं केंद्रों पर की जा रही व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

## नापतौल विभाग ने जब्त किए अमानक पैकेज बंद वस्तु




**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह और नापतौल नियंत्रक म.प्र. भोपाल ब्रजेश सक्सेना द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में सहायक नियंत्रक/निरीक्षक नापतौल भारत भूषण द्वारा उपभोक्ता हितों की रक्षा हेतु रतलाम शहर में दुकानों पर पैकेज बंद वस्तुओं का निरीक्षण किया निरीक्षण में पण्ड्या एजेन्सी (किराना विक्रेता) बड़बड़ नाका, नाईस इन्टरप्राईजेश (फ्रैब्रिकेशन कार्य) सैलाना रोड रतलाम, अलहुतेश हार्डवेयर टूल्स एण्ड पैन्ट्स कस्तुरबा नगर, दीपक बैकरी कस्तुरबा नगर, फखरी हार्डवेयर एण्ड पेन्ट्स शॉपिंग काम्पलेक्स अलकापुरी, वृन्दावन बेकरी, सज्जन मिल रोड, माही ट्रैडर्स (किराना एवं तम्बाकु उत्पाद विक्रेता) सैलाना रोड रतलाम दुकानों पर अमानक पैकेज बंद वस्तुऐं विक्रय करने हेतु प्रदर्शित रखने के कारण विधिक मापविज्ञान अधिनियम के उल्लघंन और दण्डनीय होने से अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किये गये।

# नारी शक्ति के साथ भाजपा ने निकाली जन-आक्रोश महिला पदयात्रा

▶ कांग्रेस और विरोधियों ने 70 करोड़ महिलाओं का अपमान किया- सांसद अनिता चौहान




नवभारत न्यूज

**रतलाम।** संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू नही होने पर भारतीय जनता पार्टी रतलाम मे शुक्रवार को विशाल ''जन-आक्रोश महिला पदयात्रा'' निकाली। नारी शक्ति के सम्मान और विपक्ष की नीतियों के विरोध में निकाली गई इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और नारेबाजी कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति अपना समर्थन प्रकट किया। पदयात्रा का नैतृत्व सांसद अनिता चौहान ने किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अनिता कटारिया, क्रांति जोशी, पूर्व विधायक संगीता चारेल, मंडल अध्यक्ष सोना शर्मा सहित असंख्य महिलायें उपस्थित रही।

सांसद चोहान ने समापन से पूर्व नगर निगम चोराहा पर नारी शक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि संसद मे नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करके कांग्रेस और अन्य दलों ने 70 करोड़ महिलाओं का अपमान किया है। भाजपा सद्रैव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व ने महिलाओं का सम्मान करती आई है और नारीहित की कई योजनाओं के साथ महिला आरक्षण इस का प्रमाण है। उन्होने कहा कि जन आक्रोश पद यात्रा ऐसी शक्तियों के खिलाफ सशक्त जवाब है जो महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ कर रही है।

जिलाध्यक्ष उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस ने कभी महिलाओं का सम्मान नही किया और देश हित के कामों का विरोध भी किया। कांग्रेस का काम ही विरोध करना रह गया है। भारतीय जनता पार्टी महिलाओं की हक की लडाई मे कभी पीछे नहीं रहेगी और सदैव प्रयास जारी रखेगी। महापौर प्रहलाद पटेल ने कहा कि नारी शक्ति कभी अपना अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी। पांच राज्यों के चुनाव मे इसका मुंह तोड़ जवाब देगी और आने वाले चुनावों मे भी अपनी शक्ति का अहसास करायेगी। जिला उपाध्यक्ष अनिता कटारिया, क्रांति जोशी, पूर्व विधायक संगीता चारेल ने भी संबोधित कर नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति समर्थन व्यक्त किया।

पद यात्रा के दौरान महिला कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां थामे निकली, जिन पर नारी शक्ति का स्वाभिमान और विपक्ष द्वारा किए गए अपमान के विरुद्ध नारे लिखे थे। केसरिया झंडों और गूँजते नारों के साथ यह पदयात्रा मुख्य मार्ग से गुजरी, जहाँ आम जनता ने भी समर्थन व्यक्त किया। यात्रा के दौरान न.प.अध्यक्ष अनिता परिहार, उपाध्यक्ष पूजा योगी, जनपद सदस्य मंगला कुवर देवड़ा, दिव्या शर्मा, मीना टांक, जीवन ज्योति, किरण महावर, राखी व्यास, भावना गुर्जर, भारती पाटीदार, सपना त्रिपाठी, अनिता कटारा, संगीता सोनी, देवश्री पुरोहित, आयुशी, सांखला, दीपमाला सोनी, पुष्पा राठौर, जगवंता डामौर, अर्चना शर्मा, निखिल शर्मा सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## ग्रामीण कांग्रेस में नई टीम घोषित, कार्यकर्ताओं में उत्साह

▶ पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया सहित कई वरिष्ठ नेता विशेष आमंत्रित सदस्य

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** जिले में कांग्रेस संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष विजय गहलोत ने शुक्रवार को जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी। नई टीम के गठन के साथ ही संगठन में उत्साह और नई ऊर्जा का संचार देखा जा रहा है।

जारी कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्यों के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया, पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन, वीरेंद्र सिंह सोलंकी, यूसुफ कडपा, डीपी धाकड़, लक्ष्मीदेवी खराड़ी, लक्ष्मण सिंह डिंडोर और सुजीत उपाध्याय सहित कई नेताओं को शामिल किया गया है।

संगठनात्मक दृष्टि से जिलाध्यक्ष गहलोत ने आलोट, ताल, बड़ावदा, रतलाम ग्रामीण, जावरा, सैलाना और बाजना क्षेत्रों का संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने का प्रयास किया है। सैलाना नगर के पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष जगदीश पाटीदार को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

नई कार्यकारिणी की घोषणा पर गहलोत ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी केवल पद प्राप्ति नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और पार्टी के मूल्यों के प्रति जवाबदेही का प्रतीक है। उन्होंने भरोसा जताया कि नई टीम संगठन को मजबूती देने के साथ ही जनसेवा में सक्रिय भूमिका निभाएगी।

उन्होंने कहा कि टीम का उद्देश्य केवल संगठन विस्तार नहीं, बल्कि आमजन की समस्याओं के समाधान में प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करना है। 'हर कार्यकर्ता जनता की आवाज बने, यही हमारी प्राथमिकता है,' उन्होंने कहा।

गहलोत ने आगे कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस जिन मूल्यों और विजन के साथ आगे बढ़ रही है, उन्हें साकार करने में रतलाम ग्रामीण की यह टीम महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

नई कार्यकारिणी के गठन से संगठन में सकारात्मक माहौल है और माना जा रहा है कि आने वाले समय में कांग्रेस संगठन क्षेत्र में और अधिक मजबूती के साथ उभरेगा।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक संदेशों पर प्रतिबंध

**रतलाम।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ शालिनी श्रीवास्तव द्वारा रतलाम जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने, आपसी सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की संभावना के मद्देनजर जिले में आगामी 2 माह तक कानून व्यवस्था की दृष्टि से सोशल मीडिया पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 अंतर्गत जिले के संपूर्ण राजस्व क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश अनुसार रतलाम जिले की सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में किसी भी आपत्तिजनक अथवा उद्वेलित करने वाली फोटो/चित्र, संदेश प्रचारित करने पर, सांप्रदायिक संदेश एवं उनकी फॉरवर्डिंग, ट्विटर, फेसबुक, व्हाट्सएप इत्यादि सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक संदेश आदि पोस्ट करने, कमेंट करने की गतिविधियों को प्रतिबंधित किया गया है। यदि कोई व्यक्ति उपर्युक्त आदेश का उल्लंघन करेगा तो उसके विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के प्रावधानों के तहत अभियोजन की कार्यवाही की जाएगी।

## भीषण गर्मी से विद्यार्थियों को राहत : 5वीं तक के छात्रों के लिए अवकाश घोषित

▶ शिक्षक रहेंगे उपस्थित, परीक्षाएं व अन्य गतिविधियां यथावत

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए प्रशासन ने स्कूली विद्यार्थियों को राहत दी है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अशोक लोढ़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर मिशा सिंह के निर्देशानुसार जिले की सभी शासकीय एवं अशासकीय मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थाओं में प्री-प्राइमरी से लेकर कक्षा 5वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए 30 अप्रैल तक अवकाश घोषित किया गया है।

यह निर्णय विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, ताकि तेज गर्मी और लू के प्रभाव से बच्चों को बचाया जा सके।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए रहेगा, जबकि शिक्षक नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित होकर शैक्षणिक व अन्य आवश्यक कार्य संपादित करेंगे। वहीं परीक्षाएं एवं अन्य निर्धारित गतिविधियां पूर्व निर्धारित समयानुसार संचालित होती रहेंगी।

### लू के मरीज बढ़ने की आशंका, उपकरणों की जांच और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

**रतलाम।** जिला चिकित्सालय रतलाम में सिविल सर्जन डॉ. एम.एस. सागर ने शुक्रवार को सभी चिकित्सकों की बैठक लेकर गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मौसम में बदलाव और तेज गर्मी के चलते लू से प्रभावित मरीजों की संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हो सकती है, ऐसे में सभी वार्डों में उपचार व प्रबंधन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डॉ. सागर ने चिकित्सकों को निर्देशित किया कि लू से बचाव और उपचार संबंधी जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाए, ताकि लोग समय रहते सतर्क रह सकें। साथ ही उन्होंने अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग और बढ़ती बिजली खपत को देखते हुए वायरिंग व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। स्पार्किंग की आशंका को देखते हुए सभी विद्युत उपकरणों की जांच कर उन्हें दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। बैठक में पानी की बढ़ती खपत को ध्यान में रखते हुए जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने और अपव्यय रोकने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। सिविल सर्जन ने सभी चिकित्सकों को एनक्यूएएस (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड) के मापदंडों के अनुरूप अस्पताल में चिकित्सकीय एवं गैर-चिकित्सकीय कार्यों का संचालन करने के लिए भी कहा। बैठक में डॉ. बी.एल. तापड़िया, डॉ. आर.सी. डामोर, डॉ. ममता शर्मा, डॉ. ए.पी. सिंह, डॉ. महेश मौर्य, डॉ. निर्मल जैन, डॉ. भारत निनामा, डॉ. मुकेश डामोर, डॉ. जीवन चौहान, डॉ. अंकित जैन, डॉ. नरेश चौहान, आरएमओ डॉ. अभिषेक अरोड़ा, अस्पताल मैनेजर डॉ. शिवम श्रीवास्तव सहित अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।

## भाजपा नेता को धमकी के विरोध में धाकड़ समाज का थाने पर घेराव

▶ आरोपी की गिरफ्तारी की मांग, एक गिरफ्तार, दूसरा फरार




**रतलाम।** नामली थाना क्षेत्र में भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष दिनेश धाकड़ को जान से मारने की धमकी देने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। घटना के विरोध में धाकड़ समाज व सर्वसमाज के लोगों ने शुक्रवार को नामली थाने का घेराव कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।

जानकारी के अनुसार, फरियादी पवन धाकड़ निवासी पादुना ने दिनेश मालवीय निवासी सेमलिया और गोपाल वाघेला निवासी नगरा के खिलाफ धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस पर नामली पुलिस ने अपराध क्रमांक 147/26 के तहत धारा 296(ए), 130, 351(3) एवं 3(5) बीएनएस में प्रकरण दर्ज किया। मामले को लेकर दिनेश धाकड़ अपने समर्थकों के साथ थाने पहुंचे और धरना देते हुए पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान समाज के लोगों में आक्रोश देखा गया।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी दिनेश मालवीय को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की और उसे न्यायालय में पेश किया। वहीं, दूसरे आरोपी गोपाल वाघेला की तलाश जारी है।

पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया कि फरार आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा और मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## घोड़ाखेड़ा के कांग्रेसी सरपंच लक्ष्मण मुनिया बाप पार्टी में शामिल

नवभारत न्यूज

**सैलाना।** विधानसभा क्षेत्र के बाजना अंचल की राजनीति में इन दिनों हलचल तेज हो गई है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत घोड़ाखेड़ा (तहसील बाजना) के सरपंच लक्ष्मण मुनिया ने कांग्रेस छोड़कर भारत आदिवासी पार्टी (बाप) की सदस्यता ग्रहण कर ली।

विधायक कमलेश्वर डोडियार ने अपने कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लक्ष्मण मुनिया को पीला गमछा पहनाकर पार्टी में विधिवत शामिल कराया। इस अवसर पर विधायक डोडियार ने कहा कि आदिवासी समाज के अधिकारों और क्षेत्रीय विकास के लिए उनकी पार्टी पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि लगातार युवाओं और जनप्रतिनिधियों का पार्टी से जुड़ना इस बात का संकेत है कि जनता बदलाव चाहती है। वहीं, लक्ष्मण मुनिया ने कहा कि वे कांग्रेस की नीतियों से निराश थे और विधायक डोडियार के जनहितैषी कार्यों तथा आदिवासी समाज के प्रति समर्पण से प्रभावित होकर उन्होंने यह निर्णय लिया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे अब पूरी निष्ठा के साथ समाज सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करेंगे।

## टीम की तत्परता एक ही दिन में रोके गए तीन बाल विवाह



**रतलाम।** पिपलोदा परियोजना अंतर्गत तहसील पिपलोदा के वार्ड क्रमांक 9 करियामर एवं कालूखेडा लसूडिया में बाल विवाह संबंधी शिकायत चाइल्ड लाइन के माध्यम से प्राप्त हुई थी। शिकायत की जांच के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी रामनिवास बुधोलिया के निर्देशन में सहायक संचालक एवं प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती भारती डांगी के द्वारा दल का गठन किया गया एवं पुलिस विभाग के साथ मौके पर पहुंचकर बाल विवाह रुकवाया गया। जांच के दौरान पिपलोदा तहसील के वार्ड क्रमांक 9 करियामर में टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की जहा पर 1 बालक और 1 बालिका के बाल विवाह की सूचना मिली। जहां बालिका के विवाह की तैयारी चल रही थी। जिसमें स्कॉलर रजिस्टर के आधार पर बालिका की उम्र 16 वर्ष पाई गई। समझाइश देने पर परिजनों ने आश्वासन दिया कि बालिका का विवाह 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद ही किया जाएगा। इसी क्षेत्र में एक बालक के विवाह की सूचना भी मिली। जांच में बालक की उम्र 16 वर्ष 10 माह पाई गई। टीम ने परिजनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। साथ ही बताया गया कि बालक की वैधानिक विवाह आयु 21 वर्ष है। परिजनों से लिखित आश्वासन लिया गया कि वे निर्धारित आयु के बाद ही विवाह करेंगे।

इसके पश्चात टीम द्वारा कालूखेड़ा लसूडिया में पहुंची, जहां बालिका के विवाह की तैयारी की जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंचे दल को बालिका के पिता ने बताया कि विवाह फिलहाल स्थगित कर दिया गया है और बालिका का विवाह 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही किया जाएगा। इस संबंध में मंदसौर जिले को भी सूचना भेजी गई है। उक्त टीम में सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती प्रेरणा चौहान, श्रीमती भारती सोनी, पुलिस विभाग से मनीष दीक्षित, एएसआई एवं महिला कांस्टेबल उपस्थिति थी।

एक नजर में ▶ सांदीपनि विद्यालय में तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

## कक्षा 9 वी एवं 10 वी विज्ञान विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण



▶ **प्रशिक्षार्थियों से किया फीडबैक प्राप्त**

समापन सत्र के अवसर पर आग्रह किया कि आप यहां जो तीन दिवस में सीख कर जा रहे हैं उसका पूरा-पूरा लाभ विद्यार्थियों को प्राप्त हो यह सुनिश्चित करें एवं सकारात्मक सोच के साथ आदर्श प्रयोगशाला निर्माण कर समर्पण भाव से विद्यार्थियों के हित में कार्य किया जाए। इस अवसर पर मास्टर ट्रेनर इंदौरकर ने प्रशिक्षार्थियों से फीडबैक प्राप्त किया ताकि आगामी सत्र में प्रशिक्षण को ओर अधिक प्रभावशाली बनाया जा सके। प्रशिक्षण सत्र में विद्यालय के प्रयोगशाला सहायक शेख मोहम्मद एवं सुरभि गर्डिया ने सहयोग प्रदान किया।

नवभारत न्यूज

**जावरा।** संचालक, राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान म.प्र. के आदेशानुसार विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये जिले के जावरा, पिपलोदा एवं आलोट विकासखंड के समस्त हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के कक्षा 9 वी एवं 10 वी विज्ञान विषय पढाने वाले समस्त शिक्षकों का तीन दिवसीय विज्ञान प्रायोगिक प्रशिक्षण स्थानीय सांदीपनि विद्यालय में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुरलीधर बोरासी के मुख्य आतिथ्य में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रशिक्षण का विधिवत शुभारंभ किया। प्राचार्य राजेंद्र कुमार बोस ने बताया कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत गतिविधि आधारित शिक्षा पर अत्यधिक जोर दिया जा रहा है अतः विद्यार्थियों को अधिक से अधिक गतिविधियों में सम्मिलित होने हेतु प्रोत्साहित किया जाए। विकासखंड शिक्षा अधिकारी बोरासी ने शिक्षकों से आग्रह किया कि विषय आधारित प्रयोग पर अधिक से अधिक कार्य किया जाए जिससे कि विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति समझ विकसित हो सके। विद्यालय के उप प्राचार्य संजय श्रीवास्तव ने कहा कि विज्ञान विषय को सरल बनाने हेतु विद्यार्थियों को सैद्धांतिक कार्य के साथ प्रायोगिक कार्य सरलतम तरीके से करवाये जाना चाहिए। मास्टर ट्रेनर गिरीश इंदौरकर ने प्रशिक्षण सत्र की रूपरेखा पर चर्चा की आभार मास्टर ट्रेनर राधेश्याम पाटीदार ने माना। प्रशिक्षण सत्र के प्रथम दिवस पर जीव विज्ञान आधारित प्रयोग कार्य संपन्न कराए गए, जिसमें जीव विज्ञान शिक्षिका शीतल सोनी एवं महेंद्र पाल सिंह चंद्रावत का विशेष सहयोग रहा। सभी प्रशिक्षार्थियों द्वारा कोशिका एवं स्टोमेटा की संरचना का अवलोकन माइक्रोस्कोप के द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवसपर विद्यालय के रसायन शिक्षक राकेश डारिया ने प्रयोग के दौरान सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश दिए। एवं सभी प्रशिक्षणार्थियो को रसायन शास्त्र आधारित विभिन्न रासायनिक क्रिया आधारित प्रायोगिक कार्य करवाये गए। अंतिम दिवस भौतिक शास्त्र संबंधी प्रायोगिक कार्य करवाए गए, इसमें विद्यालय के शिक्षक मुकेश गेहलोत ने उपकरणों की संरचना एवं कार्य विधि पर चर्चा की गई।